मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 30/09/2021

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-499/2021
30 सितंबर 2021
मंत्रालय
========================
★ मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की
=========================
★ सड़क परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण के मामलों का आयुक्त पर्यवेक्षण करें -- श्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री
========================
रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने सड़क निर्माण से जुड़ी योजनाओं में भूमि अधिग्रहण को लेकर रैयतों को उचित और समय पर मुआवजा देने का निर्देश पथ निर्माण विभाग को दिया । उन्होंने कहा कि रैयतों को बीच मुआवजे के वितरण के लिए शिविर लगाए जाएं । इस मौके पर विभाग के सचिव श्री सुनील कुमार ने एन एच ए आई और पथ निर्माण विभाग की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क परियोजनाओं को लेकर भूमि अधिग्रहण से संबंधित जो भी मामले हैं, उसका पर्यवेक्षण आयुक्त करेंगे । इसके अलावा सड़क योजनाओं को लेकर वन भूमि को लेकर जो समस्याएं हैं, उसका निष्पादन भी वन विभाग के साथ मिलकर किया जाए ।

#Team PRD(CMO) =================